CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 201 ▫ रायपुर, गुरुवार 14 अगस्त 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## शुभकामनाएं

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विज्ञापन दाताओं, अभिकर्ताओं, पाठकों एवं शुभचिंतकों को बधाई-शुभकामनाएं।

### कल अवकाश

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर कल 15 अगस्त 2025 दिन शुक्रवार को हाईवे चैनल कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 16 अगस्त को प्रकाशित होगा। -संपादक

## छत्तीसगढ़ के 25 पुलिसकर्मियों को राष्ट्रपति के हाथों मिलेगा सम्मान

**रायपुर, 14 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर गृह मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ के 25 पुलिसकर्मियों के नाम गैलेंट्री मेडल (जीएम), प्रेसिडेंट्स मेडल फॉर डिस्टिंग्विश्ड सर्विस (पीएसएम) और मेडल फॉर मेरिटोरियस सर्विस (एमएसएम) के लिए घोषित किए हैं। यह सम्मान आंतरिक सुरक्षा को मजबूत बनाने और वामपंथी उग्रवाद से निपटने में राज्य की अहम भूमिका को रेखांकित करता है।



### छत्तीसगढ़ गृह मंत्रालय ने की घोषणा

**गैलेंट्री मेडलः** असाधारण साहस और उत्कृष्ट परिचालन क्षमता के लिए छत्तीसगढ़ के 14 पुलिसकर्मियों के नाम गैलेंट्री मेडल के लिए घोषित किए गए हैं। इनमें आईपीएस अधिकारी सुनील शर्मा (पुलिस अधीक्षक), संदीप कुमार मडिले (उप निरीक्षक) और आरक्षक मदकम पांडु, मदकम हदमा, मदकम देव, बरसे हुंगा, रोशन गुप्ता सहित अन्य शामिल हैं। तीन पुलिसकर्मियों - स्वर्गीय रामुराम नाग (सहायक उप निरीक्षक), स्वर्गीय कुंजाम जोगा (आरक्षक) और स्वर्गीय वंजाम भीमा (आरक्षक) - को कर्तव्य-पालन के दौरान सर्वोच्च बलिदान के लिए मरणोपरांत सम्मानित किया गया है। ये घोषणाएं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में राज्य पुलिस के जोखिमपूर्ण अभियानों और अदम्य साहस को दर्शाती हैं।

**प्रेसिडेंट्स मेडल फॉर डिस्टिंग्विश्ड सर्विसः** लंबे समय तक उच्च कोटि की उत्कृष्ट सेवा के लिए छत्तीसगढ़ के एक अधिकारी का नाम पीएसएम सूची में शामिल किया गया है। छत्तीसगढ़ के निदेशक हिमांशु गुप्ता को उनके नेतृत्व, पेशेवर ईमानदारी और राज्य में पुलिसिंग व जनसुरक्षा में निरंतर योगदान के लिए सम्मानित किया गया है।

**मेडल फॉर मेरिटोरियस सर्विसः** लगन, अनुकरणीय सेवा और निरंतर योगदान के लिए छत्तीसगढ़ के 10 पुलिसकर्मियों को एमएसएम के लिए चुना गया है। इनमें पुलिस महानिरीक्षक ध्रुव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर, कमांडेंट श्वेता राजमणि, पुलिस अधीक्षक रवी कुमार कुर्रे, निरीक्षक (एमआईएन) कौशल्या भट्ट, सहायक पुलिस महानिरीक्षक रोहित कुमार झा, निरीक्षक (एमआईएन) कमलेश कुमार मिश्रा, प्लाटून कमांडर दल सिंह नामदेव, कंपनी कमांडर दिलीप कुमार साहू और सहायक उप निरीक्षक सुशील कुमार बरुआ शामिल हैं। इनका योगदान अभियान संचालन, प्रशासनिक दक्षता और सामुदायिक पुलिसिंग के क्षेत्रों में रहा है।

**समग्र उपलब्धिः** 14 गैलेंट्री मेडल, एक प्रेसिडेंट्स मेडल फॉर डिस्टिंग्विश्ड सर्विस और 10 मेडल फॉर मेरिटोरियस सर्विस के साथ छत्तीसगढ़ पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस 2025 के सम्मानों में शानदार प्रदर्शन किया है। ये घोषणाएं राज्य के पुलिसकर्मियों के साहस, नेतृत्व और समर्पण को सलाम करती हैं और राष्ट्रीय सुरक्षा में छत्तीसगढ़ की अहम भूमिका को रेखांकित करती हैं।

## हमारा तिरंगा पूर्वजों के वर्षों के संघर्षों और बलिदान का जीवंत प्रतीकः मुख्यमंत्री साय

- मुख्यमंत्री साय ने हजारों युवाओं के साथ लगाई स्वतंत्रता की दौड़
- भारत माता और रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया



**रायपुर, 14 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** हमारा तिरंगा पूर्वजों के वर्षों के संघर्षों और बलिदान का जीवंत प्रतीक है। हम सभी तिरंगे की शान को हमेशा बनाए रखेंगे, अपने अमर बलिदानियों को कभी नहीं भूलेंगे और सभी मिलकर विकसित, समृद्ध और सशक्त छत्तीसगढ़ का निर्माण करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के मरीन ड्राइव में आयोजित स्वतंत्रता दौड़ में शामिल हुए और कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने हजारों युवाओं के साथ स्वतंत्रता दौड़ लगाई और भारत माता और अमर बलिदानी रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि तिरंगे में करोड़ों भारतीयों की आकांक्षाएं समाई हैं और यह हमारी वीरता, शांति और समृद्धि के भाव की अमिट चेतना है। साय ने पवित्र तिरंगे को प्रणाम करते हुए कहा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पिछले कुछ वर्षों से स्वतंत्रता दिवस में पूरा देश तिरंगामय हो जाता है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से हम सभी अलग-अलग तरीकों से इस पावन दिवस को उत्साह के साथ मना रहे है। तिरंगा यात्राएं और हर-घर तिरंगा फहराने के संकल्प ने इस पावन अवसर को जन-जन से जोड़ दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी एकता, अखंडता और राष्ट्रीय गौरव का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें यह स्मरण कराती है कि आज़ादी अनगिनत बलिदानों की अमूल्य देन है। लाखों-करोड़ों देशभक्तों ने अपने प्राण न्योछावर किए, तब जाकर हमें यह स्वतंत्रता प्राप्त हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के खास अवसर ने मुझे बचपन के दिनों की याद दिला दी। जब मैं स्कूल में था तब स्वतंत्रता दिवस पर प्रभात फेरी निकलती थी, गांव-गांव में देशभक्ति गाने गूंजते थे। उन्होंने कहा कि उस समय जो गर्व महसूस होता था, वही गर्व आज भी हमारे दिल में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारा दायित्व है कि हम अपने देश और प्रदेश को विकास की नई ऊँचाइयों पर ले जाएं। वर्ष 2047 तक के लिए हमने विकसित छत्तीसगढ़ विज़न डॉक्यूमेंट तैयार किया है, और हमारी सरकार उसी के अनुरूप कार्य कर रही है। यह सरकार के साथ-साथ हम सभी का साझा संकल्प है। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर उपस्थित सभी को स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता दौड़ सिर्फ एक दौड़ नहीं बल्कि आजादी के लिए किये गए संघर्ष का प्रतिसाद है। देश को वीर सपूतों के बलिदान से आजादी मिली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित, स्वच्छ, स्वस्थ और श्रेष्ठ भारत के विजन के साथ चलते हुए हमारे मुख्यमंत्री ने भी विकसित और समृद्धशाली छत्तीसगढ़ का सपना संजोया है। उन्होंने कहा कि इस स्वप्न को पूर्ण करने अपना अमूल्य योगदान देने का संकल्प लें। इस दौरान विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक मोतीलाल साहू, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, विधायक अनुज शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव यशवंत कुमार मौजूद रहे।

## ब्रेकिंग न्यूज

### पुणे की अदालत से राहुल गांधी के वकील ने वापस ली याचिका, कांग्रेस नेता को बताया था जान का खतरा

**नई दिल्ली, 14 अगस्त ( न्यूज चैनल )।** वीर सावरकर को लेकर की गई टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे आपराधिक मानहानि मामले में दायर याचिका उनके वकील ने वापस ले ली है। वकील ने याचिका में राहुल गांधी को जान का खतरा बताया था। वकील मिलिंद पवार ने कहा कि अदालत ने याचिका वापस लेने का निवेदन स्वीकार कर लिया है। बता दें कि विनायक सावरकर पर टिप्पणी के कारण पुणे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला चल रहा है। इसी मामले में पुणे की एक विशेष सांसद-विधायक अदालत ने बुधवार को राहुल गांधी के वकील की ओर से दायर एक याचिका को रिकॉर्ड में लिया। इस याचिका में राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर आशंका व्यक्त की गई थी। याचिका दायर करने के कुछ घंटों बाद वकील ने कहा था कि यह याचिका राहुल गांधी की सहमति के बिना दायर की गई है और इसे वापस ले लिया जाएगा।गांधी ने इस याचिका को दाखिल करने पर कड़ी आपत्ति जताई थी और इसकी विषय-वस्तु से अपनी असहमति व्यक्त की थी। दायर याचिका में कहा गया था कि खासकर कथित %वोट चोरी% का %पर्दाफाश% करने के बाद सुरक्षा से जुड़ी आशंका और बढ़ गई है। वकील मिलिंद पवार ने अपनी याचिका में कहा है कि कैसे भाजपा नेता आरएन बिट्टू ने गांधी को 'आतंकवादी' कहा है।



## चलती बाइक में युवक को आया हार्ट अटैक, मौके पर ही मौत, सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ मंजर

**रायपुर, 14 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ में भी अचानक हार्ट अटैक से मौत के मामले बढ़ते जा रहे हैं। ताजा मामला अंबिकापुर जिले से आया है। यहां एक युवक को चलती बाइक में हार्ट अटैक आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान 35 वर्षीय सिरिल तिर्की के रुप में हुई है। वह बतौली थाना क्षेत्र के ग्राम गोविंदपुर का निवासी था और बिशप हाउस में माली का काम करता था। सिरिल अपनी बाइक से बस स्टैंड की ओर जा रहा था उसी दौरान नमनाकला रिंग रोड पर उसे हार्ट अटैक आया और उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच में मौत का कारण हार्ट अटैक बताया है। इस घटना से जुड़ा एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें सिरिल बाइक से जाता नजर आ रहा है। अचानक उसकी बाइक की रफ्तार बेहद कम हो जाती है और वह सड़क के किनारे खड़ी कार के पास गिर जाता है। हादसे की सूचना मिलने पर गांधीनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक व कार का नंबर नोट करने के बाद कुछ देर में लौट गई। लोगों ने एम्बुलेंस और शव वाहन के लिए कॉल किया, लेकिन कोई भी वाहन मौके पर नहीं पहुंचा। करीब एक घंटे तक सिरिल का शव सड़क पर पड़ा रहा। अंततः बिशप हाउस के कुछ कर्मचारियों और स्थानीय लोगों की मदद से शव को ऑटो में डालकर अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस की इस असंवेदनशीलता पर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी गई।



## 37 लाख के 3 ईनामी नक्सली मारे गए

**रायपुर, 14 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ और झारखंड में सुरक्षा बलों ने संयुक्त अभियान में तीन इनामी माओवादियों को मार गिराया. कांकेर-बस्तर सीमा के मंडा पहाड़ पर हुई मुठभेड़ में आरकेबी डिवीजन की सेंट्रल कमेटी के सचिव विजय रेड्डी (इनाम 25 लाख) और डिविजनल कमेटी मेंबर लोकेश सलामे (इनाम ?10 लाख) मारे गए. वहीं, झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में माओवादी संगठन के एरिया कमांडर अरुण करकी (इनाम 2 लाख) को ढेर किया गया। पुलिस के अनुसार, मंडा पहाड़ पर बुधवार दोपहर भारी बारिश के बीच डीआरजी और आईटीबीपी जवानों की माओवादियों से मुठभेड़ हुई, जो शाम तक जारी रही. फायरिंग थमने के बाद दोनों शव बरामद हुए. विजय रेड्डी फंडिंग और रणनीति बनाने में अहम भूमिका निभाता था, जबकि लोकेश सलामे के आत्मसमर्पण के प्रयास दो साल से चल रहे थे।

उधर, चाईबासा में मिली गुप्त सूचना पर कोबरा 209 बटालियन और स्थानीय पुलिस ने अभियान चलाकर अरुण करकी को मार गिराया. उसके पास से एक एसएलआर बरामद हुई. पुलिस का कहना है कि वह स्वतंत्रता दिवस पर हिंसक वारदात की फिराक में था. पुलिस अधीक्षक वाईपी सिंह ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि इलाके में अब भी तलाशी अभियान जारी है। वहीं छत्तीसगढ़ में मारे गए दोनो नक्सलियों के शव देर रात मोहला पहुंचे, जहां शवों का पीएम किया जाएगा, जिसके बाद संभवतः इस पूरे ऑपरेशन को लेकर अधिकृत प्रेस कांफ्रेंस कर पूरी जानकारी साझा करेगी।









CMYK